# बोंगोसागर 2025 नौसैनिक अभ्यास

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

भारत की SAGAR (समुद्र में सभी की सुरक्षा और विकास) पहल के तहत **परिचालन समन्वय, समुद्री सुरक्षा** और **क्षेत्रीय स्थिरता** को सुदृढ़ करते हुए भारतीय नौसेना के **INS रणवीर** और बांग्लादेश नौसेना के **BNS अबू उबैदा** ने बंगाल की खाड़ी में **बोंगोसागर 2025 नौसैनिक अभ्यास** आयोजित किया।

- **INS रणवीर:** यह **राजपूत श्रेणी के पाँच विनाशक जहाज़ों में से चौथा जहाज़** है, जिसे वर्ष 1986 में नौसेना में शामिल किया गया था।
- **SAGAR: वर्ष 2015** में प्रस्तुत **SAGAR** भारत का विदेश नीति सिद्धांत है जिसका उद्देश्य विशेष रूप से **हिंद महासागर क्षेत्र** में सहयोग, समुद्री सुरक्षा, आर्थिक विकास और क्षेत्रीय विश्वास को बढ़ाना है।
    - वर्ष 2025 में, भारत ने ग्लोबल साउथ में सुरक्षा, व्यापार और विकास को बढ़ाने के लिये **SAGAR नीति (2015)** के आधार पर, MAHASAGAR (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास हेतु पारस्परिक और समग्र उन्नति) का शुभारंभ किया।
- **भारत-बांग्लादेश अभ्यास:** सेना (अभ्यास सम्प्रीति) और नौसेना (अभ्यास बोंगोसागर, और समन्वित गश्ती (CORPAT))।




**और पढ़ें:** भारत-बांग्लादेश संबंध

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bongosagar-2025-naval-exercise